# सिंहस्थ सेवादूतों के लिए भोपाल में बनेगा अत्याधुनिक प्रशिक्षण केंद्र



**राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सिंहस्थ 2028 विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक मेला है। इसके भव्य और दिव्य आयोजन के लिए बड़ी संख्या में लोगों को पूरी क्षमता के साथ तैयार होना होगा। सिंहस्थ में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई न हो, यह सभी का दायित्व है।

मुख्यमंत्री बुधवार को मुख्यमंत्री निवास में भारत स्काउट एंड गाइड के पदाधिकारियों एवं गाइड्स के साथ सिंहस्थ सेवा कार्य 2028 के संबंध में आयोजित विशेष संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ में भीड़ नियंत्रण सहित विभिन्न व्यवस्थाएं संभालने वाले मास्टर ट्रेनर, सेवादूतों और स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण के लिए भोपाल में अत्याधुनिक प्रशिक्षण केंद्र बनाया जाएगा। केंद्र बनने तक आवश्यकतानुसार सांदीपनि विद्यालय के भवनों और परिसरों का उपयोग किया जाएगा। डॉ. यादव ने कहा कि सेवा भारत स्काउट एवं गाइड का मूल मंत्र है और 'तैयार रहो' इसका ध्येय वाक्य है। सिंहस्थ 2028 में सुरक्षित और सुव्यवस्थित आयोजन सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि इस बार भीड़ प्रबंधन बड़ी चुनौती होगी। उज्जैन सिंहस्थ में करीब 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि सिंहस्थ-2016 में करीब 7,500 स्काउट एवं गाइड ने 10 शिविरों के माध्यम से सेवाएं दी थीं। इस बार 15 हजार से अधिक प्रशिक्षित स्वयंसेवक 20 से अधिक शिविरों के माध्यम से सेवा का मोर्चा संभालेंगे। आपदा प्रबंधन संस्थान के सहयोग से 100 मास्टर ट्रेनर तैयार किए जाएंगे। प्रदेश के प्रत्येक जिले से 500 तथा उज्जैन संभाग के जिलों से एक-एक हजार युवाओं को सेवादूत के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा। स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि स्काउट एंड गाइड को इंटरनेट और सामाजिक माध्यमों से फैलने वाली अफवाहों को रोकने के लिए भी प्रशिक्षित होना होगा। संगोष्ठी में विभिन्न अधिकारी एवं प्रदेश के सभी संभागों से आए सेवादूत उपस्थित रहे।



राज्यपाल मंगुभाई पटेल लोकभवन के कर्मचारी आवास परिसर में आयोजित गणेशोत्सव में शामिल हुए। उन्होंने भगवान श्री गणेश की विधिवत पूजा-अर्चना और आरती कर प्रदेश के विकास और प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

# गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए घाटों पर निगम ने की व्यापक व्यवस्थाएं



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** अनंत चतुर्दशी पर भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाओं के विधि-विधान से विसर्जन के लिए नगर निगम ने शहर के प्रमुख विसर्जन स्थलों, कुंडों और घाटों पर क्रेन, पोकलेन मशीन, गोताखोर, फायर ब्रिगेड और अन्य संसाधनों के साथ व्यापक व्यवस्थाएं की हैं।

निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को नोडल अधिकारी, प्रभारी अधिकारी और सहायक प्रभारी अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी है।

निगम द्वारा सात प्रमुख विसर्जन स्थलों पर 13 क्रेन, 12 पोकलेन मशीन, 184 गोताखोर, जीवन रक्षक उपकरण तथा फायर फाइटर और रेस्क्यू वाहन सहित 98 फायरकर्मी तैनात किए गए हैं। विसर्जन स्थलों और चल समारोह मार्गों पर 1665 एलईडी फ्लड लाइट के माध्यम से प्रकाश व्यवस्था की गई है।

प्रेमपुरा, रानी कमलापति, खटलापुरा, संत हिरदाराम नगर, शाहपुरा, हथाईखेड़ा और मालीखेड़ी के विसर्जन स्थलों पर क्रेन, प्रकाश व्यवस्था, फायर ब्रिगेड, गोताखोर तथा नियंत्रण कक्ष की व्यवस्था की गई है। घाटों और चल समारोह मार्गों पर साफ-सफाई, सड़क मरम्मत, बिजली के तारों का संधारण, पेड़ों की आवश्यकतानुसार छंटाई और आवारा मवेशियों को हटाने की व्यवस्था भी की जा रही है।

प्रेमपुरा घाट पर चार क्रेन, दो पोकलेन मशीन, 46 गोताखोर और 24 फायरकर्मी तैनात किए गए हैं। रानी कमलापति घाट पर दो क्रेन, दो पोकलेन मशीन, 36 गोताखोर और 12 फायरकर्मी तथा अन्य घाटों पर भी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। सभी घाटों पर लाइफ जैकेट, लाइफबॉय, ट्यूब, रस्सी, कांटा और ध्वनि विस्तारक यंत्र की व्यवस्था है।

निगम ने विसर्जन के बाद प्रतिमाओं के अवशेष शीघ्र निकालने के निर्देश दिए हैं। गत दिवस डोल ग्यारस पर 29 स्थानों पर व्यवस्था की गई थी, जहां लगभग 1500 से अधिक प्रतिमाओं का एकत्रीकरण और विसर्जन किया गया।

## 'वन्दे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ पर सामूहिक गायन कल

**नप्र, भोपालः** राष्ट्रीय गीत 'वन्दे मातरम्' की रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विद्या भारती द्वारा देशभर में आयोजित 'नमामि भारतम्-वन्दे मातरम्' अभियान के तहत 25 सितंबर को सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सरस्वती विद्या मंदिर, अशोका गार्डन की ओर से कार्यक्रम सुबह 11 बजे विवेकानंद पार्क, परिहार चौराहा, न्यू अशोका गार्डन में होगा। इसमें विद्यालय के विद्यार्थी, आचार्य, अभिभावक और नागरिक सामूहिक रूप से 'वन्दे मातरम्' का गायन करेंगे। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता और देश के प्रति समर्पण की भावना को बढ़ावा देना तथा नई पीढ़ी को राष्ट्रीय गीत के गौरवपूर्ण इतिहास एवं महत्व से परिचित कराना है। आयोजकों ने बताया कि सामूहिक गायन कार्यक्रम को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराने की दिशा में आयोजित किया जा रहा है। विद्या भारती मध्यभारत प्रांत और विद्यालय परिवार ने नागरिकों से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया है।

# ऑटो चालक ने चूहामार दवा पीकर दी जान परिजनों ने प्रताड़ना का लगाया आरोप

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी के बैरागढ़ इलाके में 19 वर्षीय ऑटो चालक सतीश योगी ने चूहामार दवा पीकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान सतीश योगी पिता श्याम योगी निवासी बैरागढ़ कलां के रूप में हुई है। वह मूल रूप से सीहोर जिले के ग्राम मंदखेड़ा का रहने वाला था और करीब सात साल से भोपाल में रह रहा था।

सतीश के साथ उसकी बहन ज्योति भी रहती थी। सतीश ऑटो चलाता था, जबकि ज्योति कपड़े की दुकान पर काम करती है। बहन ने आरोप लगाया है कि गांव में रहने वाले देवेंद्र मीणा का ऑटो सतीश किराए पर चलाता था। कुछ समय पहले ऑटो में रखी रकम गायब हो गई थी। इसके बाद देवेंद्र और उसके भाई दीपक ने सतीश पर रकम चोरी करने का आरोप लगाते हुए 15 हजार रुपये लौटाने का दबाव बनाया। ज्योति का आरोप है कि रुपये नहीं लौटाने पर दोनों भाई सतीश को धमकाते थे और घर आकर भी परेशान करते थे। उसने बताया कि पहले भी उसके भाई के साथ मारपीट की गई थी।

परिजनों के अनुसार रविवार रात सतीश चूहामार दवा पीने के बाद घर पहुंचा था। तबीयत बिगड़ने पर उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान बुधवार सुबह उसकी मौत हो गई। अस्पताल में पुलिस को दिए बयान में सतीश ने देवेंद्र और दीपक की प्रताड़ना से परेशान होकर आत्महत्या का प्रयास करने की बात कही थी।

## निर्माण श्रमिकों के कौशल उन्नयन के लिए छह सदस्यीय समिति गठित

भोपाल। लोक निर्माण विभाग के निर्माण कार्यों में संलग्न पंजीकृत श्रमिकों के तकनीकी कौशल उन्नयन और प्रशिक्षण के लिए राज्य शासन ने छह सदस्यीय अंतरविभागीय समिति गठित की है। समिति में मध्यप्रदेश भवन विकास निगम के प्रबंध संचालक सिबी चक्रवर्ती को सदस्य समन्वयक, कौशल विकास संचालनालय के संचालक बसंत कुर्रे, बीओसीडब्ल्यू की सचिव रानी बटाड, लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता (एनएच) बी.पी. बौरासी, मुख्य अभियंता (भवन) सुरेन्द्र राव गोरखेड़े और मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के मुख्य अभियंता बी.एस. मीणा को सदस्य बनाया गया है। समिति श्रमिकों का सामाजिक सुरक्षा मंडल में पंजीयन सुनिश्चित करने के साथ वर्तमान कौशल स्तर निर्धारित करेगी। प्रशिक्षण के लिए पृथक पंजीयन और कौशल संबंधी आंकड़ा तैयार किया जाएगा। विभिन्न निर्माण गतिविधियों एवं ट्रेड के लिए आवश्यक कौशल की पहचान कर पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार किए जाएंगे। चरणबद्ध प्रशिक्षण के साथ पूर्व अर्जित कौशल की मान्यता कार्यक्रम भी होंगे। प्रशिक्षण की गुणवत्ता और प्रभावशीलता की निगरानी की जाएगी।

## अतिक्रमण और अवैध निर्माणों पर निगम की कार्रवाई

**नप्र, भोपालः** नगर निगम द्वारा शहर में अतिक्रमण और अवैध निर्माणों के विरुद्ध कार्रवाई निरंतर की जा रही है। निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्तों ने सीएम हेल्पलाइन, कॉल सेंटर व अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निराकरण तथा नियमित कार्रवाई के तहत विभिन्न क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाए। इस दौरान ठेले, काउंटर, स्टूल आदि जब्त किए गए।

निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर बुधवार को कोलार मंदाकिनी चौराहा, परफेक्ट प्लाजा, राजहंस कॉलोनी, महाबली, डीके-2, डीमार्ट, कोलार तिराहा, होशंगाबाद रोड समरधा, रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, शाहपुरा, एमपी नगर जोन-1, लिंक रोड नंबर-1, 2, 3, नेहरू नगर चौराहा, न्यू मार्केट, रोशनपुरा, बरखेड़ी, चौकी इमामबाड़ा, रॉयल मार्केट, हमीदिया अस्पताल, पीरगेट, करोंद, जेल रोड, गोकुलधाम सहित अन्य क्षेत्रों में कार्रवाई की गई। 12 नंबर साईं बोर्ड क्षेत्र में शासकीय भूमि पर बने अवैध चबूतरे, करोंद हाउसिंग बोर्ड में चार मकानों के बाहर बने अस्थाई चबूतरे तथा पीपल चौराहा में तीन दुकानों के बाहर बने अवैध शेड हटाए गए। जेल रोड गोकुलधाम सोसायटी में अवैध छप्पर भी हटाया गया। होशंगाबाद रोड समरधा से आवागमन में बाधक आठ चार पहिया वाहन और नेहरू नगर चौराहे से 25 दो पहिया व चार पहिया वाहन हटाए गए। विभिन्न क्षेत्रों से एक ठेला, दो काउंटर और छह स्टूल जब्त किए गए। अवधपुरी सुरभि एवेन्यू में लगभग 10 घंटे चली कार्रवाई में मकान नंबर 86 के निवासी द्वारा नाले पर बनाई गई दो पक्की दीवारें, एक अस्थाई शेड और बाउंड्रीवाल को जेसीबी से तोड़ा गया।

# खादी-ग्रामोद्योग पर निबंध प्रतियोगिता में निशा प्रथम



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** संस्कार विद्यालय में खादी और ग्रामोद्योग को बढ़ावा देने के लिए निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में निशा उतवानी ने प्रथम, समीक्षा मेहरा ने द्वितीय तथा प्रीति वाधवानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

विजेता प्रतिभागियों को खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों अनिल टिलवानी, अर्चना पाल और संजय जैन तथा संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी एवं सचिव बसंत चेलानी ने पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने खादी एवं ग्रामोद्योग को सम्मान देने और इसे दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। समारोह के प्रारंभ में बसंत चेलानी ने कहा कि विद्यार्थियों में स्वदेशी की भावना जगाने और खादी के महत्व को समझाने के लिए ऐसे कार्यक्रमों का समय-समय पर आयोजन आवश्यक है।

अनिल टिलवानी ने बताया कि वर्ष 2023 से प्रतिवर्ष खादी महोत्सव मनाया जा रहा है। इस वर्ष भी 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक खादी महोत्सव का आयोजन हो रहा है। सुशील वासवानी ने कहा कि ऐसे आयोजनों से खादी ग्रामोद्योग को बढ़ावा मिलेगा और देश का विकास होगा। अतिथियों ने विद्यालय के सहयोग की प्रशंसा की। अंत में प्राचार्य आर.के. मिश्रा ने आभार व्यक्त किया।

## स्वस्थ रहने की कला सीखने देशभर से आए साधक

**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** आरोग्य केंद्र द्वारा पांच दिवसीय रोग निवारण एवं प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसमें देशभर से आए साधक प्राकृतिक उपचार, योग, प्राकृतिक एवं अपक्व आहार, फिजियोथेरेपी, एक्यूप्रेशर, एक्यूपंक्चर, शिरोधारा और पोटली मसाज के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।

मेडिकल डायरेक्टर डॉ. गुलाब राय टेवानी ने व्याख्यान में बताया कि संस्था पिछले 37 वर्षों से किफायती एवं दवा रहित चिकित्सा प्रदान कर रही है। शिविर का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक चिकित्सा से संपूर्ण स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करना है। साधकों को प्राकृतिक आहार, रसाहार, फलाहार, उपवास, योग और पंचतत्वों पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु व आकाश द्वारा शरीर के शुद्धिकरण की कला सिखाई जा रही है। डॉ. टेवानी ने कहा कि गलत आहार और अस्वस्थ जीवनशैली ही बीमारियों की जड़ हैं। शरीर से विषैले तत्व बाहर निकालने के चार मुख्य मार्ग मल, मूत्र, पसीना और श्वास हैं। सही आहार, सकारात्मक सोच, मानसिक-शारीरिक शुद्धिकरण और डिजिटल शुद्धिकरण अपनाकर व्यक्ति स्वयं का चिकित्सक बन सकता है। समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से शिविर के साथ स्वास्थ्य संवर्धक प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम भी शुरू किया गया है।

## नारायण सिंह कुशवाह ने सुनीं कार्यकर्ताओं की समस्याएं

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** कैबिनेट मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में विभिन्न जिलों से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी जनसमस्याएं और सुझाव सुने। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। कुशवाह ने कहा कि कार्यकर्ताओं के माध्यम से प्राप्त समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण कर समाधान का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आमजन को शासन की योजनाओं और सुविधाओं का लाभ दिलाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है।

## मुख्यमंत्री ने राष्ट्र कवि दिनकर की जयंती पर किया नमन

**नप्र, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय चेतना के ओजस्वी स्वर, राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' की जयंती पर नमन किया। डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि पद्मभूषण से सम्मानित स्व. दिनकर ने 'रश्मिरथी', 'कुरुक्षेत्र' और 'उर्वशी' जैसी कालजयी कृतियों के माध्यम से उन्होंने साहित्य में राष्ट्रप्रेम, स्वाभिमान, शौर्य और मानवीय संवेदनाओं को सशक्त स्वर दिया। उनकी रचनाएं आज भी समाज और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य के लिए हम सभी को प्रेरित करती हैं।

**मध्यप्रदेश शासन**

**सामान्य प्रशासन विभाग (अधीक्षण शाखा) मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल दूरभाष क्र.-0755-2512077, 2512076**

क्रमांक एफ 2/2/15/0005/2025/12-1/नाजिर/2308 भोपाल, दिनांक 21/09/2026

**पंचम ई-निविदा सूचना**

मध्यप्रदेश राज्य मंत्रालय अंतर्गत सामान्य प्रशासन विभाग/मुख्यमंत्री कार्यालय एवं विभागीय अधिकारियों के शासकीय उपयोग के लिए 26 वाहन किराये पर लिये जाने हेतु ऑनलाईन पंचम ई-निविदा ई-प्रोक्योरमेट प्रोर्टल https://mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ऑन लाईन निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं निविदा प्रोसेसिंग फीस | रूपये 1000/- प्रोसेसिंग शुल्क |
| 2. | निविदा फार्म ऑनलाईन क्रय करने की प्रारंभ तिथि व समय | दिनांक 23/09/2026 समय अपरान्ह 12:00 बजे से |
| 3. | निविदा फार्म ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि व समय | दिनाक 14/10/2026 समय अपरान्ह 12:00 बजे तक |
| 4. | निर्धारित अवधि में प्राप्त ऑनलाईन निविदाओ को निविदाओं को खोलने की तिथि एवं समय | 1. टेक्निकल बिड- दिनांक 16/10/2026 समय अपरान्ह 12:00 बजे<br>2. फायनेंशियल बिड- दिनांक 16/10/2026 समय अपरान्ह 12:30 बजे |
| 5 | प्राप्त निविदाए खोले जाने का स्थान | मंत्रालय स्थित कक्ष क्रमांक-116 (समिति कक्ष) |
| 6 | निविदाओं को खोलते समय निविदाकारों की उपस्थिति प्रार्थनीय है। | मंत्रालय स्थित कक्ष क्रमांक-116 (समिति कक्ष) |

2/ई-निविदा सूचना में कोई भी संशोधन समाचार पत्रों में प्रकाशित न किया जाकर वेबसाईट पर ही जारी किये जायेगे। निविदा की विस्तृत शर्ते एवं जानकारी उपरोक्त वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

(मनोज श्रीवास्तव) अवर सचिव (अधीक्षण)
मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग

जी-18977/26

**CHANGE OF NAME**

I, K S SUNDER, S/o. KS SIVARAMAN aged 63 years, residing at 2B-Royal Residency E-8 Extension Trilanga Bhopal , have changed my name from KS Sunder to Kalpathi Sivaraman Sunder S/o Shri Kalpathi Sankarnarayan Sivaraman as per Affidavit dated 19 September 2026, issued by Notary Public Delhi for all purposes

1751

## मुख्यमंत्री ने आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के 8 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई दी

**भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' के 8 वर्ष पूर्ण होने पर सभी लाभार्थियों और देशवासियों को शुभकामनाएं दीं हैं। डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुई यह जनकल्याणकारी पहल स्वस्थ भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में यह योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए विश्वास और सुरक्षा का आधार बनी है। योजना ने देश में स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को इलाज की चिंता से राहत देने का महत्वपूर्ण कार्य किया है।

**संचालनालय लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मध्यप्रदेश**
**(जे.पी. चिकित्सालय परिसर, न्यू भवन, भोपाल)**
E-mail: fw.dhs@mp.gov.in

क्रमांक/3/प0क0/सेल-1/2026/454 भोपाल, दिनांक 22/09/26

**विभागीय विज्ञप्ति**

मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल द्वारा संयुक्त भर्ती परीक्षा वर्ष 2024 के समूह-5 के अंतर्गत पद महिला बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता, (ए.एन.एम.- तृतीय श्रेणी) के परीक्षा परिणाम घोषित किये गये है। उक्त के दृष्टिगत महिला बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता, (ए.एन.एम.-तृतीय श्रेणी) वर्ष 2024 के पदों की पूर्ति हेतु प्रचलित काउंसलिंग प्रक्रिया को अंतिम अवसर देते हुये दिनांक 27.09.2026 तक बढ़ाया जा रहा है।

कृपया काउंसलिंग से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश स्वास्थ्य विभाग की वेबसाईड health.mp.gov.in पर देखें।

अपर संचालक
लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग

जी-18996/26

**परिशिष्ट B-संख्यांक 13**
**जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल तृतीय व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खंड, भोपाल**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
आरसीएस बी/371/2021
शैलेश कुमार अहिरवार बनाम यूटू विन बिजनेस प्रा.लि.
NEXT DATE :07-10-2026

**प्रेषिती,** रवि सूर्यवंशी द्वारा एम डी यूटू विन बिजनेस प्रा.लि. पता- म.नं. 13 कप्तान साहब की बगीया गिन्नोरी के पास गिन्नौरी मंदिर बुधवारा भोपाल **यह कि प्रार्थी** शैलेश कुमार अहिरवार ने आपके विरूद्ध आरसीएस बी/371/2021 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 25-08-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। **कृपया ध्यान दें**:-यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

**सुश्री हेमलता अहिरवार, न्यायाधीश**
**तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड भोपाल (म.प्र.)**

1750

**परिशिष्ट B-संख्यांक 13**
**जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल तृतीय व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खंड, भोपाल**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
आरसीएस बी/371/2021
शैलेश कुमार अहिरवार बनाम यूटू विन बिजनेस प्रा.लि.
NEXT DATE :07-10-2026

**प्रेषिती,** यू टू विन बिजनेस प्रा. लि. पता- 206 द्वतीय तल रक्षा टॉवर चूनाभट्टी भोपाल **यह कि प्रार्थी** शैलेश कुमार अहिरवार ने आपके विरूद्ध आरसीएस बी/371/2021 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 25-08-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। **कृपया ध्यान दें**:-यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

**सुश्री हेमलता अहिरवार, न्यायाधीश**
**तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड भोपाल (म.प्र.)**

1749

**कार्यालय कृषि बीज उत्पादक एंव विपणन सहकारी संस्था मर्यादित, बैरसिया**
पंजीयन क्रमांक/एस.एच.आर.
D.R.B 909/06-8-2002
**वार्षिक साधारण सभा की सूचना**

संस्था के समस्त अशधारी सदस्यो को सुचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा वर्ष 2025-26 दिनांक 27-09-26 दिन रविवार को संस्था कार्यालय बैरसिया मण्डी प्रांगण में दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है, जिसमें आपकी उपस्थिती प्राथनीय है। सभी माननीय सदस्यों का विषय सुची की सूचना डाक द्वारा प्रथक से भेजी जा चुकी है। अध्यक्ष महोदय के आदेशानुसार।

**सोमेश शर्मा**
**प्रबंधक**
**कृषि बिज उत्पादक एंव विपणन सहकारी समिति मर्या, बैरसिया**

1748

**सहुलत क्रेडिट को-ओपरेटिव सोसाईटी लिमिटेड, भोपाल**
Reg. No. DRB/1458 Under Madhya Pradesh Co-operative Societies Act, 1960 Bhopal Branch: 1st Floor, Masjid Nastaran Bano, Baal Vihar, Ghora Nakkas, Bhopal - 462001
पत्रांक- DRB/1458/06/26
दिनांक-13/09/2026

**आम सभा की सूचना**

सहुलत क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड भोपाल के सभी सम्मानीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आमसभा दिनांक 30/09/2026 दिन बुधवार शाम 07:00 बजे से गिन्नोरी स्थित इंडियन शादी हॉल, भोपाल में आयोजित की जाएगी। जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। विवरण निम्नानुसार है: - 1. गत वर्ष की वार्षिक आम सभा की कार्यवाही का अनुमोदन । 2. वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंकेक्षित वित्तीय पत्रको का अवलोकन एवं अनुमोदन । 3. आगामी वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित वार्षिक कार्य योजना की स्वीकृति। 4. आगामी वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित वार्षिक बजट की स्वीकृति। 5. वर्ष 2025-26 के लिए लेखाओं की सांविधिक अंकेक्षक की नियुक्ति के लिए स्वीकृति। 6. अन्य विषय अध्यक्ष की अनुमति से। **नोट**:- गणपूर्ति के अभाव में कारवाई स्थगित कर आधा घंटे पश्चात उसी दिनांक एवं स्थान पर पुनः प्रारंभ की जाएगी इसमें गणपूर्ति अनावश्यक होगी।

**अध्यक्ष**
**सहूलत क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड, भोपाल**

1747

**कार्यालय प्रशासक किसान सहकारी विपणन समिति मर्यादित, भोपाल**
**(पंजीयन क्रमांक/एस.एचआर./113 दिनांक 28.09.1960)**
**पं. लक्ष्मीनारायण शर्मा कृषि उपज मण्डी परिसर, करोंद, भोपाल (म.प्र.)**
क्रमांक/2026/एजीएम/प्रशा./
भोपाल, दिनांकः 12.09.2026

**वार्षिक साधारण सभा की सूचना**

किसान सहकारी विपणन समिति मर्यादित, करोंद, जिला-भोपाल की वार्षिक साधारण सभा दिनांक 27.09.2026 दिन रविवार को दोपहर 12.00 बजे संस्था के नवीन भवन करोंद मण्डल प्रांगण भोपाल में आयोजित की जावेगी, जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। साधारण सभा में निम्न विषयों पर विचार किया जावेगा:-1. संस्था का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2026-27 का अवलोकन एवं अनुमोदन । 2. वर्ष 2026-27 के प्रस्तावित बजट की स्वीकृति बाबत । 3. वित्तीय वर्ष 2024-25 में किये गये व्ययों का अनुमोदन करना। 4. वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंकेक्षित पत्रकों का अवलोकन करना। 5. वर्ष 2026-27 के लेखाओं की वैधानिक लेखा संपरीक्षा हेतु संपरीक्षक की नियुक्ति करने बाबत विचार। 6. नागरिक आपूर्ति निगम एवं विपणन संघ से वसूली की कार्यवाही के संबंध में विचार। 7. संस्था को भोपाल को-आपरेटिव सेन्ट्रल बैंक की देय राशि के संबंध में न्यायालयीन प्रकरण के संबंध में विचार। **नोट**:- गणपूर्ति के अभाव में उपनियम के अन्तर्गत बैठक आधा घण्टे के लिये स्थगित की जाकर उसी दिन उसी स्थान पर पुनः निर्धारित विषयों के विचारार्थ दोपहर 12.30 बजे प्रारंभ होगी, जिसमें गणपूर्ति की आवश्यकता नहीं होगी तथा लिये गये निर्णय समस्त सदस्यों को मान्य होंगे।

**(रामसेवक शर्मा)**
**प्रबंधक**

1746

**-: जाहिर सूचना :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री गुलाब सिंह आत्मज स्व. श्री बाबूलाल जी, निवासी : ए-35, विनायक कैम्पस, करारिया फार्म, निशातपुरा, भोपाल द्वारा दिनांक 04/04/2014 को श्रीमती सीमा तिवारी पति श्री राघवेन्द्र कुमार तिवारी निवासी श्रीजी टॉवर अशोका गार्डन भोपाल से एक किता अविकसित कृषि खण्ड क्र. 04 जो कि खसरा क्र. 173/1/2, रकबा 0.460 हैक्टेयर का अंश भाग होकर ग्राम महौली, पटवारी हल्का नं. 21, राजस्व निरीक्षक मण्डल वृत्त 03 तहसील हुजूर, जिला भोपाल में स्थित है तथा उक्त अविकसित कृषि खण्ड का माप 20X40, कुल क्षेत्रफल 800 वर्गफीट (74.34) वर्गमीटर है जिसका नामांतरण भी मेरे पक्षकार श्री गुलाब सिंह ने अपने नाम करा लिया है जिसका नवीन खसरा क्र. 173/1/2/2 (S) है। विक्रय पत्र में उपरोक्त अविकसित कृषि खण्ड की वर्तमान में चतुर्थ दिशाएं निम्नानुसार हैं:-पूर्व में-श्री ओमप्रकाश विश्वकर्मा जी का मकान, पश्चिम में-कृषि खण्ड क्र. 03, उत्तर में-रास्ता, दक्षिण में-रास्ता है तथा मेरा पक्षकार अपने स्वत्व व स्वामित्व के उपरोक्त कृषि खण्ड पर अक्टूबर 2026 के पश्चात् कभी भी अपने कृषि खण्ड क्र. 04 (चौड़ाई 20 फीट X लम्बाई 40 फीट) कुल 800 वर्गफीट पर भवन निर्माण प्रारंभ कर रहा है, यदि किसी व्यक्ति, भूखण्ड विक्रेता, भूखण्ड के पड़ोसी, रहवासी, बैंक, शासकीय/अर्द्धशासकीय वित्तय संस्था, सोसायटी या अन्य इत्यादि को कोई आपत्ति हो या भूखण्ड के साइज आदि में कोई आपत्ति हो तो 7 दिन के अन्दर मेरे कार्यालय के उपरोक्त पते पर व्यक्तिगत रूप से साक्ष्य सहित उपस्थित होकर या लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि खण्ड पर निर्माण प्रारंभ कर दिया जावेगा। इसके पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**शोभा दुबे** अधिवक्ता
ए-47, शास्त्री नगर भोपाल (म.प्र.)
मो.-8839361599,9977013307

1745